719. बनास, चम्बल और सीप नदियां किस जिले में, राजस्थान के त्रिवेणी संगम का निर्माण करती है?

(a) भीलवाड़ा (b) डूंगरपुर
(c) टोंक (d) सवाई माधोपुर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (d) : राजस्थान राज्य में प्रवाहित बनास, चंबल और सीप नदियां आपस में सवाई माधोपुर जिले के रामेश्वर घाट में मिलती है और संगम का निर्माण करती है। सीप और बनास दोनों चंबल नदी की सहायक नदियां है। बनास नदी बाँये से तथा सीप नदी दांये से चम्बल नदी में मिलती है। चंबल नदी यमुना नदी की सहायक नदी है।

720. जाखम, माही तथा एरू तीनों नदियाँ राजस्थान निम्नलिखित में से किस जिले का निरूपण करती हैं?

(a) उदयपुर (b) टोंक
(c) प्रतापगढ़ (d) करौली

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) राजस्थान के 'प्रतापगढ़' जिले में मुख्यतः तीन प्रमुख नदियाँ बहती हैं- माही एवं उसकी सहायक नदियाँ जाखम तथा एरु नदियाँ। माही मध्य प्रदेश के धार जिले से निकलकर अरब सागर में गिरती है। जाखम चित्तौड़गढ़ से निकल कर प्रतापगढ़ में माही से मिल जाती है जबकि एरु नदी का उद्गम म.प्र. से होता है तथा बांसवाड़ा में माही में मिलती है।

721. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है-

	नदी		सहायक नदी
(a)	बनास	-	मोरेल
(b)	चम्बल	-	मेज
(c)	माही	-	चाप
(d)	लूनी	-	खारी

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) सही मिलान इस प्रकार है–

नदी		सहायक नदी
(a) बनास	–	मोरेल
(b) चम्बल	–	मेज
(c) माही	–	चाप

खारी बनास की सहायक नदी है। खारी की कुल लम्बाई 80 किमी. है। लूनी की सहायक नदियाँ हैं- जवाई, सूकड़ी, मीठड़ी, जोजरी सागी तथा लोलारी।

722. राजस्थान भू-क्षेत्र में लम्बाई की दृष्टि से नदियों का सही आरोही क्रम है-

(a) कान्तली-चम्बल-लूनी-बनास
(b) चम्बल -लूनी -बनास-कान्तली
(c) लूनी-बनास-कान्तली-चम्बल
(d) बनास-कान्तली-चम्बल-लूनी

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) राजस्थान भू-क्षेत्र में लम्बाई की दृष्टि से नदियों का सही आरोही क्रम निम्नलिखित है–कान्तली-चम्बल-लूनी-बनास

कान्तली नदी का उद्गम अरावली श्रेणी से होता है। इसकी लम्बाई लगभग 100 किमी. है। यह आंतरिक प्रवाह तंत्र की नदी है। हजारों वर्ष पूर्व सीकर जिले में इसी नदी के तट पर गणेश्वर सभ्यता का विकास हुआ।

चम्बल नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के महू जिले के 'जनापाव पर्वत' से होता है। राजस्थान में इसकी लगभग 322 किमी. है। यह यमुना की सहायक नदी है।

लूनी नदी का उद्गम राजस्थान के अजमेर जिले के नाग पहाड़ियों से होता है। यह उत्तर पश्चिम भारत में थार रेगिस्तान की सबसे बड़ी नदी है। यह राजस्थान में लगभग 330 किमी. बीहने के पश्चात कच्छ के रण के दलदल में विलुप्त हो जाती है।

बनास नदी का उद्गम राजस्थान राज्य के राजसमंद जिले के अरावली के खमनौर पहाड़ियों से होता है। यह चम्बल की सहायक नदी है। जो राजस्थान में पूर्ण रूप से बहने वाली एकमात्र नदी है। इसकी लम्बाई लगभग 512 किमी है।

723. राजस्थान में निम्नलिखित में से नदियों का कौनसा युग्म सही सुमेलित है-

(a) कोठारी-लूनी
(b) सूकड़ी-बनास
(c) जाखम-माही
(d) बाणगंगा-चम्बल

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (c) – सही सुमेलन इस प्रकार है –

कोठारी	- बनास
सूकड़ी	- लूनी
जाखम	- माही
बाणगंगा	- यमुना

724. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?

(a) सोम-माही (b) जाखम-लूनी
(c) पार्वती-जाखम (d) कोठारी-लूनी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) बाँसवाड़ा एवं डूँगरपुर की सीमा बनाने वाली माही नदी मध्य प्रदेश के विंध्याचल से निकल कर राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में प्रवेश करती है। बेणेश्वर नामक स्थान पर इसमें सोम एवं जाखम नदियाँ मिलकर त्रिवेणी संगम बनाती हैं। माही नदी पर माही बजाज सागर बाँध बनाया गया है। पार्वती चम्बल की सहायक नदी एवं कोठारी नदी बनास की सहायक नदी है। जाखम माही की सहायक नदी है।

725. निम्न से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है-

(a) चम्बल-पार्वती (b) लूनी-सूकड़ी
(c) बनास-कुंटाल (d) माही-सोम

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (c) दिए गए युग्म में विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है, शेष सभी युग्म सुमेलित हैं।

बनास नदी का उद्गम राजसमन्द जिले में खमनौर की पहाड़ियों से होता है। यह नदी रामेश्वर नामक स्थान पर चम्बल में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियाँ- बेड़च नदी और मैनाल नदी है। यह राजस्थान में ही प्रवाहित होती है इसकी कुल लम्बाई 512 किमी. है।

- चम्बल की सहायक नदियाँ - पार्वती, काली सिंध, कुनू आदि।
- लूनी की सहायक नदियाँ- सूकड़ीए मीठड़ी, बांडी आदि।
- माही की सहायक नदियाँ - सोम, जाखम, मोरेन, भादर आदि।